हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

# दुर्ग-भिलाई मार्ग पर महानगरीय बसों में मुसाफिरों की बढ़ी दोहरी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी से महानगरीय बसों से सफर करने वाले यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। उन्हें अब अधिक किराया देने के साथ तकलीफदेह यात्रा से भी राहत नहीं मिल रही है। इस मामले में परिवहन विभाग उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई दुर्ग से हजारों लोग रायुपर और राजनांदगांव सहित ग्राम्यांचल जाने के लिए महानगरीय बसों से यात्रा करते हैं। यात्रियों ने बताया कि वर्षों पूर्व राज्य परिवहन निगम के बंद के बाद निजी बसें यानी महानगरीय बसों का सफर तकलीफदेह बना हुआ है। शासन द्वारा पिछले करीब दो साल के अंदर दो मर्तबा किराया वृद्धि कर दी गई है। लेकिन मुसाफिरों का सफर को तनाव मुक्त कराने पर अब तक कोई जमीनी प्रयास नहीं किया गया है। इसके चलते बस आपरेटर शासन को चूना लगाने के साथ यात्रियों की यात्रा को भी कष्टप्रद बनाए हुए हैं। दुर्ग से रायपुर या राजनांदगांव जाने वाली महानगरीय बसों के परिचालकों द्वारा कभी भी टिकट नहीं दिया जाता है। भिलाई से रायपुर का किराया 50 रुपए से अधिक बढ चुका है। राजनांदगांव किराया साठ रुपए हैं। यात्रियों ने बताया कि टिकट न देकर शासन को करोडों रुपए के टैक्स का चूना लगाया जा रहा है। लेकिन विभाग हमने नहीं देखा और हमने नहीं सुना की तर्ज पर उदासीन बना हुआ है। आसमान छूती महंगाई के दौर में किराया वृद्धि के बाद भी मुसाफिरो की दिक्कतों पर ध्यान देने की जहमत विभाग नहीं उठा रहा है।

## बसों का फेयर बढ़ने के साथ तकलीफदेह यात्रा से नहीं मिल रही राहत



### 32 सीटर बस में दोगुनी सवारी

महानगरीय बसों में यात्रियों को जानवरों की तरह ठूंस ठूंस कर भरा जा रहा है। 32 सीटर बस में करीब दोगुना लोगों को बिठाया जा रहा है। जितने लोग बैठे रहते हैं उतने ही खड़े रहते हैं। भारी भीड़ के कारण बस के अंदर लोग पसीने से तरबतर होकर घंटा दो घंटा तक अपने गंतव्य स्थल आने तक थकान और तनाव झेलते रहते हैं। यात्रियों ने बताया कि साठ सत्तर लोगों को ठूंसने से अंदर हवा का एहसास नहीं नहीं होता। जब बस किसी स्टांप पर रुकती है तभी दो मिनट के लिए राहत महसूस होती है। पूरी यात्रा में महिलाओं, छोटे बच्चों और विद्यार्थियों की बुरी हालत होती है। बच्चे परीक्षाओं और स्कूली फंक्शन के दौरान भी ऐसी ही परेशानी से जूझते यात्रा करने मजबूर होते हैं। सबसे बुरी स्थिति बीमारों,वृद्धों व गर्भवती महिलाओं की होती है।

### घंटेभर का सफर दो घंटा में

दुर्ग से रायपुर और राजनांदगाव की ओर आने जाने वाली बसों की धीमी गति यात्रियों के लिए परेशान करने वाली होती है। दुर्ग व रायपुर के बीच करीब तीन सौ और राजनांद के लिए लगभग इतनी ही बसें चलती हैं। लेकिन इनके यात्रा में करीबन दोगुना वक्त लगता है। भिलाई से भाठागांव रायपुर दो घंटा में पहुंचाया जाता है। इसकी वजह बस आपरेटरों ने विभाग के संज्ञान में अपनी टायमिंग फिक्स कर रखी है। परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण बसों को काफी धीमी गति से चलाया जा रहा है। हर स्टाप यानी ठहराव की टायमिंग निर्धारित कर रखी है। यात्रियों ने बताया कि आगे चल रही बसे छूटेगी तभी पीछे वाली बस वहां पहुंचेगी। इस दौरान पीछे की बस काफी धीमी गति से चलती रहती है। इसके चलते यात्रियों को दफ्तर,अस्पताल व संबंधित स्थल पर विलंब होता है।

## खबर संक्षेप

### टिम्बर व्यवसायी से मारपीट घेराव की चेतावनी



**कुम्हारी।** दुकान के सामने गाड़ियाँ खड़ी कर रास्ता बाधित करने का विरोध करने पर रायपुर से आए कुछ लोगों ने टिंबर व्यवसायी के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। इसके बाद आरोपी पक्ष 12-15 गाड़ियों में 50-60 लोगों के साथ कुम्हारी थाना पहुंच गया। पीड़ित व्यवसायी अंकित शुक्ला, अपने भाई अनुज शुक्ला, पिता रमाकांत शुक्ला व मित्र विशाल राठौर के साथ थाना प्रभारी के केबिन में शिकायत दर्ज करा रहे थे। आरोप है कि तभी परमिंदर सिंह सैनी, उनका पुत्र, गोल्डी व अन्य केबिन में घुस आए और पुलिस की मौजूदगी में ही पुनः गाली-गलौज व मारपीट की। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय व्यापारी और विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। सीएसपी छावनी भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। विहिप नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला ने थाने में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर थाना घेराव की चेतावनी दी है।

### पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को किया गया याद



**भिलाई।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर प्रथम वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई परिसर स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की रक्षा तथा आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि आईजी अभिषेक शांडिल्य द्वारा पुलिस स्मृति दिवस परेड की सलामी ली। शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को नमन किया गया।मौके पर कलेक्टर दुर्ग,एसएसपी विजय अग्रवाल,एसपी बालोद किरण गंगाराम चौहान, बेमेतरा एसपी त्रिलोक बंसल, सेनानी, प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई नीरज चन्द्राकर समेत अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद थे। पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन शहीद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया। प्रथम वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई के शहीद स्मारक प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### एसएमएस में 12 कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 में कर्म शिरोमणि सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि सीजीएम राजीव श्रीवास्तव उपस्थित थे। लोकनाथ बघेल, पीसन्मुख राव, राजेंद्र प्रसाद, रमेश कांत सिन्हा, ओंकार सिंह, निशिकेश मून, चार्जमैन-कम-सीनियर टेक्नीशियन, प्रदीप कुमार सोम, ईए, जाकिर अली, राम अवतार ठाकुर, महावीर प्रसाद, त्रिनाथ सोम तथा मनसा मांडवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएम सौरभ जैन, के राजकुमार, एस. देबसिकदर, एनके. देथे व एसके मलिक तथा डीजीएम नितिन अग्निहोत्री उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने स्वस्फूर्त आयोजित किया समारोह, मंत्री दयाल दास बघेल की मौजूदगी में सरपंच सहित महिला-पुरुषों ने किया भाजपा प्रवेश

# कोदवा में ग्रामीणों का भाजपा के प्रति बढ़ा रुझान, 108 लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/दाढ़ी



नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोदवा में ग्रामीणों ने स्वस्फूर्त रूप से समारोह आयोजित कर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक दयाल दास बघेल के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यों तथा भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर गांव के 108 महिला-पुरुषों ने पार्टी में प्रवेश किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू भी मौजूद रहे। मंत्री बघेल और जिला अध्यक्ष साहू ने सभी नवप्रवेशी सदस्यों को भाजपा का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। ग्रामीणों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। सरपंच अजय वर्मा सहित स्थानीय लोगों के भाजपा से जुड़ने को क्षेत्र में पार्टी के जनाधार के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। ग्राम कोदवा में ग्रामीणों ने मंत्री दयाल दास बघेल के स्वागत और भाजपा प्रवेश के लिए वृहद समारोह आयोजित किया था। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया और उन्हें मंच तक ले गए। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में 108 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ग्रामीणों ने पार्टी की विचारधारा और केंद्र तथा राज्य सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़ने की बात कही। मंत्री बघेल ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन के साथ मिलकर जनसेवा और गांव के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

### जनता का विश्वास ही भाजपा की ताकत : दयाल दास बघेल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता और जनता का विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनकल्याण और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों का स्वागत है। संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी को मिलकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास और आम जनता की सेवा सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। ग्रामीणों का स्वस्फूर्त रूप से आगे आकर भाजपा से जुड़ना संगठन के प्रति उनके विश्वास को दर्शाता है।

### नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा : अजय साहू

जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि आप सभी के भाजपा परिवार में शामिल होने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति-नीति और सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोगों का स्वेच्छा से जुड़ना संगठन के लिए उत्साहजनक है। नए सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से गांव में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी नवप्रवेशियों से जनहित के कार्यों में आगे बढ़कर भागीदारी निभाने और पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया।

### सरपंच सहित कई ग्रामीणों ने ग्रहण की सदस्यता

ग्राम कोदवा में भाजपा प्रवेश करने वालों में सरपंच अजय वर्मा, लीला रामचंद्राकार, राजेंद्र चंद्राकर, भुवनेश्वर चंद्राकर, बिसेन चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, धन्ना चंद्राकर, चेतन मानिकपुरी, दीपक चंद्राकर, कामेश्वर, चंद्रकांत, मोहन चंद्राकर, भोला चंद्राकर, चंद्रप्रकाश चंद्राकर, विक्की चंद्राकर, डोमन चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रहलाद चंद्राकर, पिल्लू चंद्राकर और ताकेश्वर चंद्राकर सहित 108 महिला-पुरुष शामिल रहे। मंत्री दयाल दास बघेल और जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने सभी का स्वागत करते हुए संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया

# दशहरा मैदान में रामलीला का मंचन के साथ मनाया दशहरा उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला

अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक महापर्व दशहरा बेरला ब्लाक के ग्राम बोरसी में अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्र में नवरात्र पर्व उत्सव और दुर्गा माता विसर्जन पश्चात क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों के कई गांवों के लोगो ने विजयादशमी का पर्व उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर गांव में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया गया और बुराई के प्रतीक रावण दहन कर सत्य की जीत का संदेश दिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि ग्राम बोरसी में रामलीला मंचन कर दशहरा उत्सव मनाने का परम्परा बहुत पुराना है, जब आस – पास के गाँव में दशहरा कार्यक्रम नहीं होते थे तब दशहरा कार्यक्रम देखने के लिए दूर गाँव के लोग ग्राम बोरसी दशहरा कार्यक्रम देखने आते थे । दशहरा मैदान मैदान में रामलीला का मंचन कर रावण दहन किया गया। वाद्य संगीत में मंत्री पाल के सहयोग सराहनीय रहा इन्होने रामलीला मंचन के कलाकार पात्र परिचय दिया, राम खिलेश्वर चंद्राकर,लक्ष्मण वरेन्द्र पाल, हनुमान प्रहलाद पाटिल, अंगद बिसहत निषाद, रावण लक्की साहू, विभीषण फलिन्द्र चंद्राकर, मेघनाथ संदीप वर्मा के साथ अन्य कलाकारों ने अपनी कला को प्रमुखता से प्रदर्शित किया। रावण दहन, सांस्कृतिक एकता और अखंडता को जोड़ने का पर्व है। रावण वध के इस कार्यक्रम में देर रात तक गांव व आसपास के लोग शामिल शामिल रहे। भारी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक दुकानों, खेल-खिलौनों और खान-पान के स्टालों पर भारी भीड़ जुटी रही। शाम ढलते ही रामलीला मंचन के अंतिम चरण में भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध का सजीव चित्रण किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध किए जाने के प्रसंग का मंचन होते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में सरपंच झल्ला वर्मा, जनपद सदस्य रवि साहू, ग्राम अध्यक्ष चोवाराम साहू, ग्राम कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय,रूपराम चंद्राकर, देवेन्द्र साहू साथ अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहकर अपना सहयोग दिए । रात्रि में ग्रामीण छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेते नजर आये ।

# सेवारत शिक्षकों को राहत, साल में दो बार होगी विशेष टीईटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में सेवारत शासकीय शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का रास्ता आसान करने की तैयारी है। राज्य शासन ने वर्ष में न्यूनतम दो बार विशेष टीईटी आयोजित करने का निर्णय लिया है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा निजी तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कराई जाएगी। इससे टीईटी उत्तीर्ण नहीं कर पाने के कारण सेवा की निरंतरता और पदोन्नति को लेकर चिंता का सामना कर रहे शिक्षकों को परीक्षा में शामिल होने के अधिक अवसर मिलेंगे।

शासन के निर्णय के अनुसार, जिन सेवारत शासकीय शिक्षकों की सेवा अवधि पांच वर्ष या उससे अधिक शेष है, उनके लिए सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए निर्धारित स्तर की टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में की जा रही है, जिसमें राज्यों को गैर-टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों के लिए साल में कम से कम दो बार विशेष परीक्षा आयोजित करने को कहा गया है। विशेष टीईटी में सफल शिक्षकों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इससे जिले के ऐसे सेवारत शिक्षकों को पात्रता हासिल करने का अवसर मिलेगा, जिन्हें टीईटी उत्तीर्ण नहीं होने के कारण सेवा और पदोन्नति संबंधी अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है।

### सामान्य टीईटी कर्मचारी चयन मंडल कराएगा

शासन ने सामान्य टीईटी परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी भी बदलने का निर्णय लिया है। अब सेवारत शिक्षकों के साथ अन्य अभ्यर्थियों के लिए सामान्य टीईटी का आयोजन छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल करेगा। पहले यह परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) आयोजित करता था। नई व्यवस्था के तहत कर्मचारी चयन मंडल वर्ष में कम से कम एक बार सामान्य टीईटी परीक्षा आयोजित करेगा।

# पावन धाम धनोरा में निकाली गई ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई/अंडा

धनोरा स्थित बाबा दरबार में नवरात्रि पर्व पर प्रज्वलित मनोकामना ज्योति का मंगलवार को भव्य विसर्जन किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 19 अक्टूबर को महाअष्टमी पर पंडित विनय शर्मा व लक्ष्मण बाबा द्वारा हवन कराया गया तथा प्रसादी वितरण हुआ। मंगलवार दोपहर 12 बजे माता रानी की मूर्ति का नगर भ्रमण कराकर खनती तालाब में विसर्जन किया गया। शाम 4 बजे निकली शोभायात्रा में महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहनकर सिर पर ज्योति-जंवारा लिए चलीं। भोलू साहू व गज्जू रायपुरीहा खप्पर लेकर चले तथा गुलाब साहू व हेमंत साहू की भजन मंडली ने माता सेवा के भजन प्रस्तुत किए।

शोभायात्रा बजरंग पारा, बाजार चौक, मेन गली व शीतला पारा होते हुए शीतला तालाब पहुंची, जहां ज्योति विसर्जन के बाद मां शीतला मंदिर में खप्पर रखा गया। इस अवसर पर नंद पंडा, श्री 8 बाबा जी, खिलेश्वर साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, विनोद कुमार साहू, जीवराखन ठेकेदार, बाबू लाल साहू, सुनील पेंटर, वासुदेव सपरे, पूर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल, दिनेश यादव, राजेश चंद्राकर, एम. लाल देवांगन, कल्याण देवांगन, रोशन साहू, डॉ. धनेश्वर साहू, राजू देशमुख, बबलू साहू, मुकुल पटेल, मुन्ना गंधर्व, बबीता साहू, ललिता यादव, सुनीता साहू, मितानिन देवश्री, हितेश पटेल, लक्ष्मी साहू, मंजू साहू, संगीता सपरे, उपसरपंच योगेश साहू, तोमन गजपाल, उमेश साहू, पुनीत यादव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मटका और खिसोरा के दशहरा कार्यक्रमों में शामिल हुए योगेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ग्राम मटका एवं खिसोरा में आयोजित दशहरा पर्व और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।

उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर दशहरा की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तिवारी ने कहा कि विजयादशमी सत्य, धर्म और अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें मर्यादा, कर्तव्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी सद्भाव बनाए रखने और जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान करते हुए सभी के सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। ये रहे उपस्थितः जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, सरपंच भुवनेश्वरी जितेंद्र साहू, जनपद सदस्य नीरज राजपूत, सरपंच माना राम साहू, अशोक मिश्रा, महत्व धारू, मनोज यादव, राम विशाल, कोमल साहू, भूपेंद्र, दिनेश यादव, घनश्याम यदु, जितेंद्र यदु, पंचम साहू, शांतोल, धनंजय साहू, सुनील साहू, टीकाराम साहू, गणेश अग्रवाल, मुकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, भवानी साहू, गोपाल पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पेज 11 का शेष

### दसवें दिन भी जारी पटवारियों ...

देना शामिल है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं से शासन-प्रशासन और विभाग को पहले ही अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। पटवारियों ने पीवी ऐप से संबंधित कार्य नहीं कर पाने के कारण कुछ जिलों में किए गए पटवारियों के स्थानांतरण निरस्त करने की मांग भी दोहराई।

**विभिन्न संगठनों ने जताया समर्थन:** छत्तीसगढ़ पेंशनर संघ जिला बेमेतरा एवं निःशक्तजन सेवा संघ ने भी आंदोलन को समर्थन दिया। पेंशनर संघ के मुख्य सलाहकार केएल दुबे ने धरना मंच पर पहुंचकर लिखित समर्थन दिया और पटवारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने की बात कही। इस दौरान जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मंगतराम साहू, जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड, जनपद पंचायत सदस्य मिथलेश वर्मा, पार्षद राजू साहू, अखिलेश मिंटा नामदेव, रश्मि फनेन्द्र मिश्रा, घनश्याम देवांगन और प्रतीक दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पटवारी संघ की ओर से सुरेश चंद्र यादव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि मंच संचालन पटवारी राजेश कुमार सोनी ने किया।

### रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर ढाबे ...

जा घुसी। घटना के बाद नेशनल हाईवे की रेस्क्यू टीम ने बस को बाहर निकाला। इस दौरान रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर करीब आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा। जाम के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 18 पंचायतों में ग्राम सभा ...

(सरपंच व वार्ड 06), नेवनारा (वार्ड 08), सूरजपुरा (वार्ड 03), टेमरी (वार्ड 04), देवरबीजा (वार्ड 10), घटियाकला (वार्ड 12), तारालीम (सरपंच) और बोटेबोड़ (सरपंच) में मतदाता सूची का वाचन कराया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत नवागढ़ की धौराभाठा (वार्ड 19), नेऊर (वार्ड 03), संबलपुर (वार्ड 09) तथा जनपद पंचायत साजा की तेंदुवा (वार्ड 11) और दर्स (वार्ड 04) में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने उप संचालक पंचायत को निर्देशित किया है कि ग्राम सभाओं में मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन कर उसकी गहन जांच कराई जाए, ताकि नामों एवं अन्य विवरणों में त्रुटियों को समय रहते सुधारा जा सके और उप निर्वाचन के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार हो सके।

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 किताब से पढ़ाना आसान, बच्चों के दिल तक पहुंचना ..



12 कोदवा में ग्रामीणों का भाजपा के प्रति बढ़ा रुझान...






## खबर संक्षेप

### 18 पंचायतों में ग्राम सभा में होगा मतदाता सूची का वाचन

बेमेतरा। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की तैयारी के तहत जिले की 18 ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक नामावली में त्रुटियों को दूर करने और सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पंचायतों में 23 से 30 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिक्त पंच-सरपंच पदों पर उप निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके तहत 23 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। इसी दिन से 30 अक्टूबर तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा। जनपद पंचायत बेमेतरा की बहेरा (वार्ड 08), बेतर (वार्ड 12), तुमा (सरपंच) और सुरहोली (वार्ड 09) में ग्राम सभा होगी। जनपद पंचायत बेरला की

खंगारपाट ▶▶ शेष पेज 12 पर

# बजट के बावजूद बदहाल छात्रावास, दाढ़ी में सड़क तक नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छात्रावासों के विकास के लिए बजट और संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद दाढ़ी और बेरला क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। कहीं भवन की कमी तो कहीं जर्जर इमारतें और संपर्क मार्ग की समस्या विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ा रही है। नगर पंचायत दाढ़ी स्थित आदर्श प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास तक पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क नहीं बन सकी है। मुख्य सड़क से नीचे धंसे कच्चे रास्ते से आवागमन की मजबूरी विभागीय उदासीनता पर सवाल खड़े करती है। मूलभूत मद, विभिन्न विकास योजनाओं और डीएमएफ जैसे संसाधनों के बावजूद छात्रावासों की समस्याएं दूर नहीं होना चिंता का विषय है।मूलभूत मद के साथ डीएमएफ और पंचायत स्तर पर उपलब्ध विकास राशि के बावजूद जरूरी कार्य अधूरे क्यों हैं, यह जांच का विषय है। संबंधित छात्रावासों के लिए स्वीकृत राशि, वास्तविक व्यय और लंबित निर्माण कार्यों की जानकारी सार्वजनिक होने से स्थिति स्पष्ट हो सकती है। फिलहाल, उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह कहना संभव नहीं है कि संबंधित छात्रावासों के लिए कितनी राशि स्वीकृत या खर्च की गई है।

## मूलभूत मद और डीएमएफ राशि के बीच बुनियादी सुविधाओं का टोटा

### फंड है, सुविधाएं नहीं

आदिवासी विकास विभाग के अधीन संचालित छात्रावासों में भवन, मरम्मत और संपर्क मार्ग जैसी बुनियादी जरूरतों का अधूरा रहना बजट के नियोजन और कार्यों की प्राथमिकता पर सवाल उठाता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि विकास के लिए राशि उपलब्ध होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। सवाल यह है कि छात्रावासों की समस्याओं के निराकरण के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?



### दाढ़ी में कच्चा रास्ता, बेरला में भी अव्यवस्थाओं की शिकायत

दाढ़ी के छात्रावास तक पक्के संपर्क मार्ग का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। मुख्य सड़क से नीचे धंसे कच्चे रास्ते से विद्यार्थियों को आना-जाना पड़ता है। वहीं, बेरला क्षेत्र के छात्रावासों में भी भवन और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर समस्याएं सामने आने की बात कही जा रही है। छात्रावासों में बेहतर आवासीय और शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए इन कमियों को दूर करना जरूरी है। मामले में आदिवासी विकास विभाग, बेमेतरा के सहायक आयुक्त अभिषेक जायसवाल से चर्चा कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन नेटवर्क संबंधी समस्या के कारण स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

### पीवी ऐप की विसंगतियां दूर करने, वेतन विसंगति सुधारने और पदोन्नति की मांग

# दसवें दिन भी जारी पटवारियों की हड़ताल पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की अनिश्चितकालीन हड़ताल दसवें दिन भी जारी रही। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे जिले के पटवारियों ने जय स्तंभ चौक स्थित धरना स्थल पर आवाज बुलंद की। हड़ताल को पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा सहित छत्तीसगढ़ पेंशनर संघ और निःशक्तजन सेवा संघ ने समर्थन दिया। इधर, पटवारियों की हड़ताल से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, राजस्व प्रतिवेदन और राजस्व न्यायालयों से जुड़े काम प्रभावित होने से ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की परेशानी बढ़ रही है। पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में पीवी ऐप के माध्यम से फसल के भौतिक सत्यापन में आ रही व्यावहारिक और तकनीकी समस्याओं का निराकरण, वेतन विसंगति दूर करना तथा पदोन्नति का लाभ

▶▶ शेष पेज 12 पर



### राजस्व कार्य प्रभावित, आम लोग परेशान

हड़ताल के चलते राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न काम प्रभावित हो रहे हैं। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने से लेकर राजस्व प्रतिवेदन तथा राजस्व न्यायालयों से जुड़े मामलों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन की ओर से अब तक चर्चा और समाधान की प्रभावी पहल नहीं हुई है। हड़ताल लंबी खिंचने से पटवारियों के साथ-साथ ग्रामीणों और हितग्राहियों में भी नाराजगी बढ़ रही है।

### छाबड़ा ने सरकार पर साधा निशाना

हड़ताल को समर्थन देने पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जिला कांग्रेस कमेटी की टीम के साथ धरना मंच साझा किया। उन्होंने पटवारियों की तीनों मांगों को जायज बताते हुए कहा कि पीवी ऐप में तकनीकी और व्यावहारिक विसंगतियां हैं तो उन्हें दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार पर किसान और कर्मचारी हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगतराम साहू ने भी पटवारियों की मांगों का समर्थन किया।

## रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर ढाबे के पास तालाब में जा घुसी बस, बड़ा हादसा टला, आधे घंटे जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांदघाट

रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर शनिवार तड़के करीब 3 बजे दुबे ट्रेवल्स की लग्जरी बस अनियंत्रित होकर संदेस ढाबे के पास तालाब में जा घुसी। बस क्रमांक सीजी 04 एमटी 1508 के इस हादसे में गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट लगने की सूचना नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी। ढाबे के सामने खड़े ट्रकों को देखकर चालक संतुलन बनाए नहीं रख पाया और बस तालाब में

▶▶ शेष पेज 12 पर

### ढाबों के सामने खड़े वाहनों से हादसे का खतरा

ढाबों के सामने लापरवाही से खड़े भारी वाहन सड़क हादसों का कारण बन सकते हैं। स्थानीय स्तर पर ऐसे मामलों को लेकर चिंता जताई जा रही है। आरोप है कि पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग अत्यंत व्यस्त मार्गों में शामिल है, जहां वीआईपी मूवमेंट भी रहता है। ऐसे में सड़क किनारे वाहनों की सुरक्षित पार्किंग सुनिश्चित करना जरूरी है। घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दिए जाने की जानकारी नहीं मिली है।



## खबर संक्षेप

### स्टेयरिंग फेल होने से गड्ढे में घुसी यात्री बस, चालक सहचालक समेत कई घायल



**नांदघाट।** मुंगेली से रायपुर जा रही यात्री बस गुरुवार दोपहर स्टेयरिंग फेल होने के कारण कूंरा के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा घुसी। हादसे में बस चालक, सहचालक समेत कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घटना के समय बस में लगभग 15 से 16 यात्री सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार, बस क्रमांक सीजी 07 सी 8500 गुरुवार दोपहर करीब 2:15 बजे मुंगेली से रायपुर की ओर जा रही थी। कूंरा के पास अचानक स्टेयरिंग फेल होने से चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी। हादसे के बाद चालक, सहचालक और घायल यात्रियों को नांदघाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद उन्हें भेज दिया गया। बस में यात्रियों की संख्या कम होने से हादसे के दौरान बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है।

### घर में घुसकर मारपीट

**भिलाई।** जबरन घर में घुसकर मारपीट गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने युवक और महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि विक्की देवांगन 20 अक्टूबर को अपने मां नीता देवांगन के साथ घर पर था। उसकी शादी धमतरी निवासी पूजा देवांगन के साथ 2021 में हुई थी। वर्ष 2022 से दोनो अलग अलग होकर रह रहे है। पत्नी अपने मायके धमतरी में अपने माता-पिता के साथ रहती है। पीड़ित के परिवार के ऊपर दहेज प्रताडना व घरेलू हिंसा का अपराध की थी। जिसका केश चल रहा है, दोनो के बीच भरण पोषण, तलाक का केश न्यायालय में लंबित है। बावजूद पूजा देवांगन अपने साथी अजय दास के साथ घर के भीतर अंदर जबरदस्ती घुस गई। माता पिता से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगी। पूजा के दोस्त अजय दास के साथ बिना अनुमति के घर के भीतर प्रवेश कर गाली गुप्तार किया।

### हादसे को लेकर सीएम हेल्प लाइन में शिकायत

**भिलाई।** केनाल रोड पर अवैध रुप से हेवी वाहनों के बढ़ने से लगातार हादसा हो रहा है। जिसे लेकर आम आदमी पार्टी ने सीएम हेल्प लाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराया है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने कैनाल रोड ट्रांसपोर्ट नगर से भिलाई पॉवर हाउस तक पर अनियंत्रित, अवैध रूप से खड़े होने वाले भारी वाहनों ट्रेलर एवं ट्रक की गंभीर समस्या को लेकर चिंता जताई है।

### डीजे गाने में डांस को लेकर मारा चाकू, एक युवक गंभीर

**भिलाई।** डीजे के गाने में नाचने को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी के एक मामले में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। घटना नेवई थाना क्षेत्र की है।पुलिस ने बताया कि रुआबांधा में जय और नाबालिग भाई ने सागर और गणपत को डीजे के गाने में डांस करने को लेकर विवाद किया। इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि जय ने गणपत के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### बनरांका और गोपालपुर के दो तालाबों के पट्टे पर उठे सवाल, तीन विभागों की भूमिका पर आरोप

# तालाब लीज में पात्र-अपात्र का विवाद मछुआ समिति पहुंची हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

बनरांका और गोपालपुर ग्राम पंचायतों के दो बड़े तालाबों की लीज को लेकर पात्रता विवाद गहरा गया है। आरोप है कि नियमों के विपरीत एक समिति को पात्र और दूसरी को अपात्र घोषित कर दिया गया। मामले में मत्स्य विभाग, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कार्यालय और पंचायत सचिव की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। विवाद से जुड़े प्रकरण में कामन मछुआ सहकारी समिति चिखली के अध्यक्ष बल्देव कुमार पटेल ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर लीज प्रक्रिया को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने प्रक्रिया निरस्त कर नए सिरे से नियमानुसार पात्रता परीक्षण कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बनरांका और गोपालपुर के दो तालाबों का रकबा क्रमशः 5.5 हेक्टेयर और 4 हेक्टेयर है। इनकी 10 वर्षीय लीज अवधि समाप्त होने के बाद पंचायत ने नए सिरे से इश्तेहार जारी किया था। इसके लिए कामन मछुआ सहकारी समिति चिखली और प्रगति मछुआ सहकारी समिति मर्यादित बनरांका ने आवेदन किया। आरोप है कि पात्रता परीक्षण के दौरान नियमों और समितियों के कार्यक्षेत्र को लेकर निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जिससे विवाद की स्थिति बनी।

### भंग समिति को पात्र बनाने का आरोप

प्रकरण में आरोप लगाया गया है कि उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा पूर्व में भंग की गई एक समिति को पात्र माना गया, जबकि दूसरी समिति को अपात्र घोषित कर दिया गया। याचिकाकर्ता पक्ष का दावा है कि संबंधित समिति का कार्यक्षेत्र विवादित ग्राम पंचायत से जुड़ा है और उसके सदस्य भी स्थानीय निवासी हैं। वहीं, दूसरी समिति के कार्यक्षेत्र, पंजीयन की स्थिति और पात्रता को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

विवाद का एक प्रमुख आधार उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं,द्वारा 25 अप्रैल 2022 को पारित आदेश बताया गया है। आरोप है कि इस आदेश के तहत कामन मछुआ समिति चिखली के कार्यक्षेत्र से बनरांका के वार्ड क्रमांक 11 और 12 को अलग किया गया, लेकिन समिति को पूर्व सूचना देने या सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। इसी आदेश को समिति अध्यक्ष बल्देव कुमार पटेल ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि इसी समिति को 12 जुलाई 2022 को संबंधित तालाब लीज पर दिए जाने की बात भी सामने आई है। ऐसे में आदेश और लीज प्रक्रिया के बीच संबंध को लेकर विवाद खड़ा हुआ है।

### दोनों समितियों ने रखे अपने-अपने दावे

कामन मछुआ सहकारी समिति चिखली के अध्यक्ष बल्देव कुमार पटेल का कहना है कि उनकी समिति वर्षों से पंजीकृत है और उसके सभी सदस्य बनरांका के निवासी हैं। उनका आरोप है कि समिति को नियमों के विपरीत अपात्र घोषित किया गया, इसलिए न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। वहीं, प्रगति मछुआ सहकारी समिति मर्यादित बनरांका के अध्यक्ष पीलूराम ने बताया कि उनकी समिति का कार्यक्षेत्र बनरांका, गोपालपुर, जेवरा और मटिया है। उन्होंने एक ही ग्राम पंचायत में दो समितियों के पंजीयन को विवाद की वजह बताया। दोनों पक्षों के दावों के बीच अब लीज प्रक्रिया की वैधता और समितियों की वास्तविक पात्रता जांच का विषय बन गई है।

### हाईकोर्ट से पारदर्शी जांच की मांग

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से संबंधित लीज प्रक्रिया निरस्त करने, वर्ष 2021 के मत्स्य लीज नियमों के तहत नए सिरे से पारदर्शी पात्रता परीक्षण कराने और कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह संभावित बताई गई है। हालांकि, सुनवाई की तिथि और याचिका पर न्यायालय के आदेश की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। यदि प्रक्रिया में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित लीज पर इसका असर पड़ सकता है।




### मत्स्य लीज नियमों के पालन पर सवाल

छत्तीसगढ़ शासन के मत्स्य लीज संबंधी वर्ष 2021 के संशोधित नियमों का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता पक्ष का कहना है कि तालाब का पट्टा देते समय समिति के पंजीयन, कार्यक्षेत्र, सदस्यता और स्थानीय मछुआ समुदाय से जुड़े सदस्यों की पात्रता का परीक्षण जरूरी है। आरोप है कि इस मामले में इन बिंदुओं का समुचित सत्यापन किए बिना पात्रता तय कर दी गई। याचिकाकर्ता पक्ष ने पंचायत सचिव और मत्स्य निरीक्षक की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत बनरांका की ओर से ग्रामसभा के प्रस्ताव के बिना अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किया गया, जबकि मत्स्य निरीक्षक ने कार्यक्षेत्र और सदस्यता का भौतिक सत्यापन किए बिना रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं, उप पंजीयक कार्यालय पर समितियों के पंजीयन और सदस्यता संबंधी दस्तावेजों का समुचित मिलान नहीं करने का आरोप लगाया गया है। इन आरोपों पर संबंधित विभागों का विस्तृत पक्ष सामने आना बाकी है।

### नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी

लीज प्रकरण में शासन के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी

- सुमंत चंद्रवंशी मत्स्य निरीक्षक

## नारायणपुर में मां दुर्गा को भक्तिभाव से दी विदाई, 40 फीट ऊंचे रावण का दहन



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित अंचल में शारदीय नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विदाई दी गई। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना के बाद निकली विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं, विजयादशमी पर गांव में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान दशहरा मैदान में हजारों की भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। मां दुर्गा की विदाई यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इसमें महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन की धुन पर नाचते-गाते और जय माता दी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। जगह-जगह लोगों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्रि के नौ दिनों तक गांव में भक्तिमय माहौल रहा। अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन, हवन तथा भंडारे का आयोजन किया गया। विसर्जन के दौरान ग्रामीणों और युवाओं की टोली व्यवस्था बनाए रखने में जुटी रही। देर शाम सभी प्रतिमाओं का तालाब में विसर्जन किया गया।

- विसर्जन यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, दशहरा उत्सव में उमड़ी हजारों की भीड़

### 40 फीट के रावण का दहन जय श्रीराम से गूंजा मैदान

विजयादशमी के अवसर पर नारायणपुर में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का विधि-विधान और उत्साह के साथ दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे। पुतले के दहन के साथ ही मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

आतिशबाजी के बीच लोगों ने दशहरा उत्सव मनाया। दशहरा असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर माता सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया था। वहीं, मां दुर्गा द्वारा महिषासुर के वध को भी शक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। रावण दहन की परंपरा समाज को अहंकार, अन्याय, छल और बुराइयों का त्याग कर सत्य तथा सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश देती है।

## मोटरसाइकिल में गांजा छिपाकर ले जा रहा युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला क्षेत्र में मोटरसाइकिल से गांजा परिवहन करते एक युवक को साइबर सेल और थाना बेरला पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 78 ग्राम गांजा, मोटरसाइकिल, मोबाइल और नकदी सहित कुल 86 हजार 900 रुपये की सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, 21 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 25 जी 1082 में गांजा छिपाकर गोगांव, रायपुर की ओर से आनंदगांव-कुम्ही होते हुए नहर के रास्ते खर्रा लाया जा रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम ने ग्राम खर्रा स्थित चुरैलिन दाई मंदिर के पास कुम्ही-आनंदगांव की ओर से आने वाले नहर पार मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान मोटरसाइकिल से गांजा ले जा रहे रोहन साहू (29), पिता चिंताराम साहू, निवासी खर्रा, थाना बेरला को पकड़ लिया गया।

- बेरला पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

### गांजा, मोटरसाइकिल और नकदी जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 78 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 12 हजार रुपये बताई गई है, जब्त किया। इसके अलावा गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की कीमत करीब 50 हजार रुपये, मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपये और 9 हजार 900 रुपये नकद जब्त किए गए। जब्त सामग्री की कुल कीमत 86 हजार 900 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, पोषण साहू सहित साइबर सेल और थाना बेरला के अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## युवा रत्न सम्मान के लिए 30 अक्टूबर तक करें आवेदन

### युवाओं को मिलेंगे 2.50 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के प्रतिभाशाली युवाओं और स्वैच्छिक संगठनों के लिए राज्य स्तर पर सम्मान पाने का अवसर है। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने युवा रत्न सम्मान योजना 2026-27 के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र युवा और संगठन 30 अक्टूबर 2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

- 13 क्षेत्रों में प्रतिभाओं का होगा सम्मान, स्वैच्छिक संगठन को 5 लाख रुपये देने का प्रावधान

### एक युवा को 2.50 लाख, संगठन को 5 लाख रुपये

योजना के तहत असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्यों के लिए एक युवा को छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। चयनित युवा को 2.50 लाख रुपये, पदक, शाल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक स्वैच्छिक संगठन को युवा संगठन सम्मान के तहत 5 लाख रुपये, पदक, शाल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा 13 निर्धारित क्षेत्रों में प्रत्येक क्षेत्र से एक-एक युवा का चयन कर एक-एक लाख रुपये, पदक, शाल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने का प्रावधान है। इनमें सामाजिक कार्य, साहित्य, नवाचार एवं उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत तथा लोककला शामिल हैं।

### जिला स्तर पर होगी आवेदनों की जांच

प्राप्त आवेदनों का परीक्षण जिला स्तर पर किया जाएगा। जिला स्तरीय चयन एवं निर्णायक समिति की अनुशंसा के बाद आवेदन संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, रायपुर को भेजे जाएंगे। अंतिम चयन राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी, बेमेतरा ने जिले के पात्र युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, बेमेतरा से संपर्क किया जा सकता है।

## जिला जेल में बंदियों को सिखा रहे जीवन जीने की कला 'निश्चय कार्यक्रम' के तहत मूल्य शिक्षा कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला जेल बेमेतरा में बंदियों को जीवन की सही समझ, मानवीय मूल्यों और जिम्मेदार आचरण से जोड़ने के लिए चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला आयोजित की जा रही है। 'निश्चय कार्यक्रम' के तहत स मा धा न म हा वि द्या ल य, बेमेतरा द्वारा 9 से 31 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यशाला में 100 से अधिक विचाराधीन बंदी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक चलने वाली कार्यशाला का संचालन महाविद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य डॉ. अवधेश पटेल कर रहे हैं। इसमें जीवन, परिवार, समाज और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीने तथा रिहाई के बाद जिम्मेदार नागरिक बनने की समझ विकसित की जा रही है।

- 100 से अधिक बंदी हो रहे शामिल

कार्यशाला मध्यस्थ दर्शन सह-अस्तित्ववाद के प्रणेता ए. नागराज जी की चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर आधारित है। इसमें विश्वास, सम्मान, स्नेह, ममता, कृतज्ञता और प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों के साथ सही आचरण पर जोर दिया जा रहा है। संवाद, प्रश्नोत्तर, व्यावहारिक उदाहरण और व्यक्तिगत प्रस्तुतियों के जरिए बंदियों को विषय समझाए जा रहे हैं।



### परिवार के लिए जीने और नई शुरुआत की इच्छा

डॉ. पटेल के अनुसार, जब बंदियों से पूछा गया कि वे क्यों जीना चाहते हैं, तो कई ने परिवार को अपनी प्रेरणा बताया। कुछ बंदियों ने रिहाई के बाद बेहतर जीवन जीने और दोबारा जेल नहीं आने की इच्छा जताई। बंदियों की सक्रिय सहभागिता कार्यशाला का सकारात्मक पहलू है। जेल अधीक्षक राहुल पांडेय ने कहा कि महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छत्तीसगढ़ हिमांशु गुप्ता के निर्देशन में चल रहा 'निश्चय कार्यक्रम' बंदियों के समय का सदुपयोग करने और उनमें सकारात्मक सोच, आत्मनिर्भरता व जिम्मेदारी विकसित करने की महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. पटेल ने कार्यशाला में जेल अधीक्षक के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। जेल शिक्षक गीताराम खूंटे, जेल प्रहरी पी. नागेंद्र नायडू और अन्य कर्मचारी भी सहयोग कर रहे हैं। समाधान महाविद्यालय के एडमिन उमेश राजपूत एवं उपप्राचार्य लक्ष्मी नारायण साहू का भी योगदान मिल रहा है।

### डीएलएड प्रशिक्षुओं ने शाला अनुभव साझा कर बताई सीख

# किताब से पढ़ाना आसान, बच्चों के दिल तक पहुंचना ही असली शिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

किताबों से पढ़ाना और बच्चों की रुचि के अनुरूप उन्हें समझाना, दोनों में बड़ा अंतर है। बच्चों के मनोभावों को समझकर पढ़ाना ही एक अच्छे शिक्षक की असली पहचान है। यह सीख डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों को 50 दिवसीय शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान मिली। कार्यक्रम के तहत जिले के 32 प्राथमिक विद्यालयों में भेजे गए प्रशिक्षुओं ने 20 दिन के शाला अनुभव के बाद डाइट बेमेतरा पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए।

शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया में प्रशिक्षण लेने वाले छात्राध्यापक भूपेंद्र ने बताया कि पहले दिन बच्चों के सामने पढ़ाने में डर लग रहा था, लेकिन प्रधान पाठक सुनीता साहू और बच्चों के स्नेह ने उनका डर दूर कर दिया। उन्होंने कहा, /"मैंने सीखा कि किताब से पढ़ाना आसान है, पर बच्चे के दिल तक पहुंचना ही असली शिक्षण है। विद्यानगर में शाला अनुभव लेने वाली छात्राध्यापिका आरती जांगड़े ने शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के महत्व को साझा करते हुए बताया कि चार्ट और खिलौनों के माध्यम से पढ़ाने पर बच्चे काफी उत्साहित हुए। डाइट में सीखी गई पाठ योजना का वास्तविक उपयोग भी उन्हें विद्यालय में ही समझ आया। वहीं, छात्राध्यापिका करुणा ने कहा कि शाला अनुभव ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। पहले वे 40 बच्चों के सामने बोलने में झिझकती थीं, लेकिन अब पूरे आत्मविश्वास के साथ पढ़ा सकती हैं। बच्चों का उन्हें मैडम कहना उनके लिए जीवन का सबसे सुंदर अनुभव रहा।



छात्राध्यापिका नेहा जुर्री ने बताया कि कुछ बच्चे पढ़ाई में कमजोर थे, जिन पर अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ी। इस चुनौती ने उन्हें एक बेहतर शिक्षक बनने की सीख दी।

उन्होंने ऐसी इंटर्नशिप हर महीने आयोजित करने की इच्छा जताई। छात्राध्यापक योगेश ने कहा कि बच्चे प्रशिक्षुओं को पूर्ण शिक्षक का दर्जा देते थे। बच्चों की कमजोरियों और मनोभावों को समझकर पढ़ाने से वे विषयों को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। गड्डवा स्कूल में प्रशिक्षण लेने वाली शैल कुमारी ने बताया कि जब बच्चे शोर करते थे, तब वे उन्हें कहानी सुनाकर या गतिविधियां कराकर पढ़ाई में दोबारा शामिल करती थीं। शब्द निर्माण से संबंधित टीएलएम बनाने पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मटका स्कूल में प्रशिक्षण लेने वाले शुभम ने छत्तीसगढ़ी बोली में अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने बताया कि स्थानीय बोली में पढ़ाने से बच्चों को सीखने में आनंद आया। नवागांव कला स्कूल में प्रशिक्षण लेने वाले अजय अंचल ने पाठ्यपुस्तकों के साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी भी दी और एक आसान तरीके से बच्चों को भारत के राज्यों के नाम याद करना सिखाया। सरदा स्कूल में प्रशिक्षण लेने वाली भावना सोनी ने कहा कि बच्चों को पढ़ाते-पढ़ाते उन्होंने भी छत्तीसगढ़ी बोली सीखी, जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि रही।

### प्रशिक्षकों के प्रति जताया आभार

इस दौरान छात्राध्यापिका नम्रता साहू, राखी ध्रुव, निकिता वर्मा, परमेश्वर साहू, संध्या लौतरे, सरोज मरकाम, राधिका, प्रियंका, रितिक, लीला साहू और सुखदेव सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। सभी ने डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे सहित व्याख्याताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन ने उन्हें बेहतर शिक्षक बनने के लिए तैयार किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक देवी प्रसाद चंदेश्वर, व्याख्याता जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे और श्रद्धा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

